करोड़ों के तहसील भवन में सफाई बदहाल

संयुक्त तहसील कार्यालय भवन नगरीय सिंगरौली का दो साल पूर्व हुआ था लोकार्पण, जिम्मेदार बेसुध

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। नगरीय क्षेत्र सिंगरौली के पचौर में करोड़ों रूपये की लागत से संयुक्त तहसील कार्यालय का निर्माण हुआ और तहसील संचालित है। परंतु इसका रख-रखाव, साफ-सफाई के प्रति यहां के जिम्मेदार अधिकारी व तहसीलदार बेसूध हैं। भवन में चारों तरफ मकड़ी के जाला एवं धूल के कण ही नजर आएंगे।

पचौर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग पीआईयू सिंगरौली के द्वारा जिसकी लागत करोड़ों रूपये हैं। जिसका लोकार्पण करीब दो वर्ष पूर्व हुआ था और यहां नगरीय तहसील दफ्तर संचालित है, परंतु दफ्तर की साफ-सफाई के प्रति तहसील का अमला दूर-दूर तक गंभीर नजर नही आ रहा है। आलम यह है कि दफ्तर का ऐसा कोई कोना नही बचा है, जहां मकड़ी के जाला दिखाई न दे। साथ ही बरामदा, हॉल, रेलिंग में धूल के कण जमा हैं। शायद यहां के जिम्मेदार अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारियों को दिखाई नही दे रहा है। यही कारण है कि दफ्तर में धूल के कण एवं मकड़ी के जाला का दबदबा है। तहसील में आने वाले कई कास्तकार नाम छापने से मना करते हुये सवाल उठाते हुये कहा कि एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चला रखा है, परंतु तहसील के अधिकारी प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान पर पलीता लगाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। ताजा उदाहरण तहसील दफ्तर पचौर-बैढ़न का है। आगे कहा कि यहां के जिम्मेदार जितने भी अधिकारी हैं, दफ्तर आते हैं। भवन परिसर की साफ-सफाई से दूर-दूर तक वास्ता नजर नही आ रहा है। यही कारण है कि तहसील परिसर में साफ-सफाई नदारत है और अधिकारियों की दिलचस्पी की शोर नही दिख रही है। हालांकि बताया जा रहा है कि उक्त भवन की साफ-सफाई के लिए नपानि से एक सफाईकर्मी के जिम्मे सौपा गया है। परंतु जिला मुख्यालय से करीब-करीब 4 किलोमीटर दूर तहसील मुख्यालय होने के कारण सफाई कर्मी भी अपनी ड्यूटी नही निभा पा रहा है। फिलहाल तहसील परिसर की अव्यवस्थाओं को देख लोग तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं।

दो साल में ही परिसर की नालियां ध्वस्त

तहसील परिसर में पानी निकासी के लिए पीआईयू के द्वारा नाली का भी निर्माण कार्य कराया गया था। परंतु तहसील कार्यालय के प्रवेश द्वार शुरू होते ही नाली ध्वस्त हो गई है। बताया जा रहा है कि नाली निर्माण के दौरान सरिया का इस्तेमाल नही किया गया है। ध्वस्त नाली के मलवे में दूर-दूर तक सरिया नजर नही आई। वहीं नाली के समीप बाउंड्रीवॉल से मिट्टी कटाव रोकने के लिए नाली के सहारे पक्की फिनिसिंग कराई गई थी। परंतु आरोप लग रहा है कि गुणवत्ता विहीन कार्य होने के कारण फिनिसिंग भी भरभरा कर ध्वस्त हो गई। हैरानी की बात है कि यही रास्ता अधिकारियों के आने-जाने का है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इसपर ध्यान नही दिया, लिहाजा नाली एवं फिनिसिंग निर्माण पर क्रियान्वयन एजेंसी पीआईयू को लेकर लोगबाग तरह-तरह के सवाल उठाने लगे हैं।

फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायरी के बाद लटका

तहसील भवन में एबीसी फायर एक्सटिंग्विशर लगा हुआ है, जिसका रिफिल 19 जून 2024 को हुआ और अगली रिफिलिंग 18 जून 2025 को किया जाना था। यानी 18 जून 2025 तक वैध था, इसके बाद रिफिलिंग कराना जरूरी था। आरोप तो यहां तक लगाया जा रहा है कि हाईड्रो ट्रेस्ट की पूरी जानकारी स्पष्ट नही दी गई है, जो एक कमी है। इसे अधूरी जानकारी मानी जा रही है। इतना ही नही फायर एक्सटिंग्विशर के ऊपर जाला, गंदगी दिखी है। मेंटेनस सही से नही हो रहा है। आरोप है कि राजस्व अमले का इसपर ध्यान नही जा रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण सिंगरौली है।

ट्रक सहित 16 ड्रम जब्त, जयंत चौकी पुलिस की कार्रवाई

11.28 लाख रुपये का माल बरामद, आरोपी चालक पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। जयंत स्थित फील्ड वर्कशॉप से अवैध रूप से जला हुआ तेल (बर्न्ट ऑयल) बेचने के प्रयास को विंध्यनगर पुलिस ने विफल कर कार्रवाई करते हुए 16 ड्रम में भरा तेल और ट्रक जप्त किया है, जिसकी कुल कीमत करीब 11 लाख 28 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार फरियादी राम सिंह पटेल निवासी जबलपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 21 मार्च की रात करीब 2 बजे वाहन क्रमांक एमपी 66 जी 2268 का चालक अनिल कुमार वैश्य 16 ड्रम में भरा जला हुआ तेल वेस वर्कशॉप ले जाने के बजाय अन्यत्र ले जाकर बेच दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने सीएमपीडीआई के पास से ट्रक सहित पूरा माल बरामद कर चौकी जयंत में सुरक्षित खड़ा किया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी, चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

एक नजर में

साहू समाज सिंगरौली ने निकाली रैली

सिंगरौली। गरीब साहू समाज सिंगरौली के संयुक्त तत्व ज्ञान में वर्णन से चाचा नेहरू पार्क में मॉ संत कर्मा जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने दिवंगत पवन साहू को श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च चाचा नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा, जहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पवन साहू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की।

खैडार गांव में श्रीराम कथा से गूंजा भक्ति का स्वर

चितरंगी। जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम खैडार में शनिवार से प्रारंभ हुई श्रीराम कथा ने पूरे गांव को भक्ति और आस्था के रंग में रंग दिया है। वृंदावन से आई कथावाचिका संतना द्विवेदी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का सजीव वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

वर्षा शाह ने नोएडा में राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

अदाणी फाउंडेशन का खेल प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय बच्चों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों को सम्मानित करने तथा अन्य स्कूली बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खनुआ-गजरा बहरा में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

गजरा बहरा स्थित अदाणी फाउंडेशन स्पोर्ट्स अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने विभिन्न जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इन उपलब्धियों के सम्मान में कुल 54 खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्षेत्र में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता और युवाओं का उत्साह इस पहल की सफलता को दर्शाता है। खेलो एमपी यूथ गेम्स 11 से 31 जनवरी में जिले के विक्रम सिंह, रोहित गुप्ता एवं सूर्यबली सिंह ने विभिन्न स्पर्धाओं में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल, परिवार और जिले का नाम रोशन किया। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर सुष्मिता विश्वकर्मा एवं मझौली पाठ गांव की वर्षा शाह ने नोएडा में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में अंडर 14 वर्ग में 50 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम के उपरांत विजेता खिलाड़ियों एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा गजरा-बहरा बाजार में एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर खिलाड़ियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी रही।

7 दिवस के अंदर करें भुगतान, नहीं तो दुकानों का आवंटन निरस्त कर सील करें : आरपी

नगर निगम ने 51 दुकानदारों को भेजा नोटिस, व्यापारियों में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। नगर पालिक निगम ने शासकीय दुकानों का किराया लंबे समय से बकाया रखने वाले 51 दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

निगम प्रशासन द्वारा जारी अंतिम नोटिस में सभी बकायादारों को सात दिन के भीतर बकाया राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर संबंधित दुकानों का आवंटन निरस्त कर उन्हें सील करने तथा पुनः नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ननि के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस ने बताया कि यह कार्रवाई निगम की राजस्व व्यवस्था को मजबूत करने और शासकीय संपत्तियों के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई बार सूचना देने के बावजूद किराया जमा नहीं किए जाने के कारण निगम को सख्ती बरतनी पड़ रही है। इधर आईडीएसएमटी बैढ़न क्षेत्र में 24 दुकानदारों पर किराया बकाया है। जिसमें राजेश शुक्ला 2 लाख 5 हजार 321, निर्मला मिश्रा 1 लाख 70 हजार 178, बेला शाह 1 लाख 68 हजार 575, संजीव द्विवेदी 1 लाख 67 हजार 995, ऋचा अग्निहोत्री 1 लाख 60 हजार 375, सुनील पाण्डेय 1 लाख 50 हजार 275, जाहिदा परवीन 1 लाख 41 हजार 475 सहित अन्य शामिल हैं। डिप्टी कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि सभी बकायादारों को सात दिवस का अंतिम अवसर दिया गया है। यदि निर्धारित अवधि के भीतर बकाया राशि जमा नहीं की गई, तो दुकानों का आवंटन निरस्त कर उन्हें सील कर दिया जाएगा और आगे की कार्रवाई के तहत पुनः नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

स्टेडियम की 14 दुकानदारों का किराया बकाया

स्टेडियम शॉप बैढ़न क्षेत्र में 14 दुकानदारों पर किराया बकाया है। इनमें पदमधरपति तिवारी 3 लाख 49 हजार 12, राजकुमार पनिका 2 लाख 86 हजार 186, रमेश धरमपाल विश्वकर्मा 1 लाख 56 हजार 915, शैलेश कुमार मिश्रा 1 लाख 53 हजार 700, दिनेश कुमार वर्मा 1 लाख 30 हजार 807, दिनेश कुमार सिंह दुकान क्रमांक 127- 1 लाख 1 हजार 324, दुकान क्रमांक 163- 73 हजार 260, सुमनबाला सिंह 1 लाख 226, विपिन सिंह 85 हजार 602, उत्सव कुमार द्विवेदी 67 हजार 713, अजय सिंह 67 हजार 346, सुदी कोल 63 हजार 126, मनबहोर कोल 63 हजार 126, रामहरी सकेत 55 हजार 934 तथा अनिरुद्ध प्रसाद सिंह 52 हजार 962 शामिल हैं। वहीं महाराणा कॉम्प्लेक्स एवं कार्यालय परिसर माजन क्षेत्र में 11 दुकानदारों पर किराया बकाया है।

भोपाल में सिंगरौली की प्रगति पांडेय का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित विकसित भारत युवा संसद में जिले के देवसर निवासी प्रतिभाशाली छात्रा प्रगति पांडेय ने सक्रिय सहभागिता कर जिले का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम का आयोजन माई भारत द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से किया गया। प्रगति पांडेय को कार्यक्रम में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनकी भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले प्रगति पांडेय ने सिंगरौली के जिला स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके आधार पर उनका चयन भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए हुआ। वहां भी उन्होंने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत कर जिले का नाम गौरवान्वित किया।

सिंगरौली की सीमा जायसवाल बनी प्रदेश मंत्री

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। म.प्र. भाजपा महिला मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार के तहत नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जारी सूची में सिंगरौली महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल को प्रदेश मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति से जिले में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सीमा जायसवाल लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर महिलाओं के मुद्दों को मजबूती से उठाती रही हैं। उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह अहम दायित्व दिया है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि वे प्रदेश स्तर पर संगठन को और मजबूत करेंगी। नियुक्ति की घोषणा के बाद सिंगरौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए इसे जिले के लिए गर्व का विषय बताया है। इस अवसर पर विधायक रामनिवास शाह, जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, विक्रम सिंह चंदेल, गुरू प्रवेन्द्रधर द्विवेदी, गिरीश द्विवेदी सहित अन्य ने बधाई दी।

करैला 80, परवर 120 व भिन्डी 100 केजी के पार, सब्जियों के दाम बढ़े

एक नीबू की कीमत 10 रूपये, हरी सब्जियों का दाम सुन गरीबों की बढ़ी चिंता

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। गर्मी शुरू होते ही सब्जियों के दामों में बेतहासा वृद्धि होने लगी है। हरी सब्जियों में करैला 80 रूपये एवं परवर 120 रूपये प्रति किलो पहुंच गया है। वहीं एक पीस नीबू की कीमत 10 रूपये है।

दरअसल गर्मी जैसे-जैसे जोर पकड़ रही है, सब्जियों के दाम में तेजी के साथ वृद्धि होने लगी है। आलम यह है कि हरी सब्जियां गरीबो की थाली से दूरी होती नजर आ रही है। अभी कुछ सब्जियों के दाम में वृद्धि हो रही है। जानकारी के मुताबिक बैढ़न के सब्जी मंडियों में सब्जियों के भाव इस प्रकार हैं- कटहल 60 रूपये किलो, लौकी एवं बेलैती 40-40 रूपये, चुकुन्दर 30 रूपये किलो, गाजर 50 रूपये किलो, खीरा हाईब्रेड 40 एवं देशी 80 रूपये किलो, टमाटर 20 रूपये किलो, करैला 80 रूपये किलो, बैगन 40 रूपये, परवर 120 रूपये किलो, गोभी 40 रूपये, आलू एवं प्याज 25-25 रूपये किलो, पालक 20 रूपये, भिन्डी 100 रूपये, सिमला मिर्च 80 एवं मिर्च, अदरक 100 रूपये किलो, विन्स 80 रूपये प्रति किलो बिक रही है। वहीं एक नीबू की कीमत 10 रूपये है।

बैढ़न के कई व्यापारियों ने बताया कि अभी सब्जी के दाम में वृद्धि होगी, सब्जियों के दाम बढ़ने की यह शुरूआत है। आगे आने वाले दिनों में दाम तेजी से बढ़ेंगे। फिलहाल कुछ हरी सब्जियों के दाम में कमी से गरीबो के लिए राहत की बात है।

युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में आरोही बृजेश का हुआ चयन

नवभारत न्यूज

अनपरा 22 मार्च। आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनूसागर की 10 वीं की होनहार छात्रा आरोही बृजेश ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में सफलता प्राप्त की है और साथ ही विद्यार्थी विज्ञान मंथन के तीनों चरण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिए हैं।

अब आरोही बृजेश चौथे चरण के लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर में भाग लेने जा रही हैं, जो उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। बेंगलुरु में 15 दिन की ट्रेनिंग कर आरोही बृजेश ने अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह तकनीक, रॉकेट विज्ञान एवं आधुनिक वैज्ञानिक प्रयोगों की गहन जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के सफल समापन पर आरूही बृजेश को इसरो द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन प्रदान किया गया। हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह एचआर हेड आशीष पांडेय, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त की है।

माड़ा में भीषण सड़क हादसा, बाइक की टक्कर के बाद सड़क पर गिरे युवक को ट्रैक्टर ने कुचला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। माड़ा थाना क्षेत्र के सुलियरी में आज दिन रविवार की शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है।

उक्त सड़क हादसा में एक बार फिर लापरवाह ड्राइविंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दो बाइक सवारों की आमने-सामने टक्कर के बाद एक युवक सड़क पर गिर पड़ा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर उसके सिर को कुचलते हुए निकल गया। घटना इतनी भयावह थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटे लाल सिंह उम्र 47 वर्ष निवासी नया टोला, चांदनी बिहारपुर के रूप में हुई है, मृतक माड़ा से अपने घर लौट रहा था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही पर रोक नहीं लगाई गई तो ऐसे हादसे लगातार होते रहेंगे।

पीसीओ ने कहा धरौली पीएम आवास का शिकायतकर्ता दिमाग से पैदल

पीएम आवास में फर्जीवाड़ा, शिकायत दबाने के आरोपों से चितरंगी जनपद में हड़कंप, धमकी और पीसीओ के व्यवहार पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 22 मार्च। प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितताओं को लेकर जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत धरौली में विवाद गहराता जा रहा है।

शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों ने पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला अब स्थानीय स्तर से निकलकर प्रशासनिक गलियारों तक पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र में खलबली मच गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत धरौली में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्रता और आवंटन को लेकर गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता दिलीप मिश्रा का आरोप है कि आवास योजना में गड़बड़ी की दो बार शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदारों ने दोनों बार ही शिकायत की बिना उचित जांच के जानबूझकर बंद कर दिया गया। उनका कहना है कि मामले को दबाने के लिए पंचायत स्तर से लेकर जनपद स्तर तक राजनीति प्रभाव का इस्तेमाल किया गया। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद उन्हें लगातार दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इस घटनाक्रम ने पूरे मामले को और संवेदनशील बना दिया है। स्थानीय लोगों के बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कहीं न कहीं बड़े स्तर पर गड़बड़ी को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

पीसीओ ने किया अमर्यादित भाषा का प्रयोग

विवाद उस समय और बढ़ गया जब कथित रूप से नशे में चूर पीसीओ शंकर प्रसाद दीपांकर ने पत्रकार को फोन कर आपत्तिजनक और असंगत बातें कहीं। बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान पीसीओ ने खुद को अधिक पढ़ा-लिखा बताते हुए पत्रकार को चुनौती दी कि वह कलेक्टर और जिपं सीईओ से जानकारी ले सकता है। इस तरह का रवैया न केवल प्रशासनिक मर्यादा के खिलाफ माना जा रहा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि अधिकारी अपने व्यवहार में कितने जिम्मेदार हैं।

इनका कहना :-

चितरंगी सीईओ से बात करिए। उनको शिकायत बताइए। मेरे संज्ञान में जानकारी आपके द्वारा दी गई है। जांच कराई जाएगी।

अरविंद डामोर
जिपं अतिरिक्त सीईओ, सिंगरौली

इनका कहना :-

मैं अभी बाहर हूं। सोमवार को चितरंगी पहुंच जाऊंगा। पीएम आवास धरौली में शिकायतकर्ता की शिकायत क्लोज कराई गई है और गड़बड़ी हुई है तो इसकी हम जांच कराएंगे। पीसीओ ने जो अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, वह गलत है।

मान सिंह
सीईओ, चितरंगी